To promote use of bio-diesel and country-made fuel

श्री नारणभाई काछड़िया : देश में स्वदेशी ईंधन और बायो-डीजल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। बायो-डीजल का उपयोग भूमि, वायु और जल के प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे स्वस्थ वायुमंडल बना रहेगा और इससे जन-स्वास्थ्य को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके अलावा, बायो-डीजल के उत्पादन से नये रोजगार के अवसर भी प्रदान किये जा सकते हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित कर सकता है।? (व्यवधान)

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री; संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): ये नॉर्थ और साउथ को डिवाइड करने वाली जो संस्कृति है, जिसका उल्लेख कल सेंथिल कुमार जी ने किया, क्या बालू जी उसके साथ खड़े हैं? ? (व्यवधान) ये ऐसा कैसे बोल सकते हैं? ? (व्यवधान) क्या कांग्रेस भी उनके साथ खड़ी है? ? (व्यवधान) नॉर्थ और साउथ को डिवाइड करने वाली जो सोच है, उसके बारे में सेंथिल कुमार जी ने कल जम्मू-कश्मीर रिऑर्गेनाइजेशन बिल पर बोलते हुए कहा, तो क्या राहुल गांधी जी उनकी सोच के साथ खड़े हैं? ? (व्यवधान) क्या श्री बालू भी उनकी सोच के साथ खड़े हैं? ? (व्यवधान) इसलिए हम कह रहे हैं कि आप माफी मांगिए।? (व्यवधान) वे कैसे ऐसा बोल गए? ? (व्यवधान) तीन राज्यों में मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी को भयंकर जीत दिलायी। वे कैसे ऐसा बोल गये? ? (व्यवधान) यह भारतीय संस्कृति का अपमान है।? (व्यवधान) क्या बालू जी नॉर्थ और साउथ को डिवाइड करने वाली सोच का हिस्सा बन रहे हैं? ? (व्यवधान) इनको माफी मांगनी पड़ेगी।? (व्यवधान)

जब राहुल गांधी जी अमेठी से हार गये थे, तो उन्होंने भी साउथ में जाकर ऐसा ही बोला था। यह नॉर्थ और साउथ को डिवाइड करने वाली सोच नहीं चलेगी।? (व्यवधान) इनको माफी मांगनी पड़ेगी।? (व्यवधान) इनको देश से माफी मांगनी पड़ेगी।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** ठीक है। आप बैठिए।

? (व्यवधान)

SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR): Sir, Point of Order. ? (*Interruptions)*

माननीय सभापति **:** श्री नारणभाई काछड़िया।

कृपया आप लोग बैठ जाइए। आपको बाद में बोलने का मौका देंगे।

? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You will be allowed.

? (*Interruptions*)

श्री नारणभाई काछड़िया **:** माननीय सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।? (व्यवधान) माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार देश में स्वदेशी ईंधन और बायो-डीजल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। बायो-डीजल का उपयोग भूमि**,** वायु और जल के प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे स्वस्थ वायुमंडल बना रहेगा और इससे जन**-**स्वास्थ्य को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप लोग सभी वरिष्ठ सदस्य हैं। Kindly take your seats.

? (*Interruptions*)

श्री नारणभाई काछड़िया**:** इसके अलावा, बायो-डीजल के उत्पादन से नये रोजगार के अवसर भी प्रदान किये जा सकते हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित कर सकता है।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You are a very senior Member. Kindly take your seat. We will allow you later on.

? (*Interruptions*)

श्री नारणभाई काछड़िया **:** महोदय, देश में स्वदेशी ईंधन एवं बायो-डीजल के उत्पादन और उपयोग से जुड़ी कुछ समस्याओं से मैं आपको अवगत कराना चाहता हूँ।? (व्यवधान) बायो-डीजल का उत्पादन कई ग्रेड्स में होता है और हरेक ग्रेड की लागत मूल्य अलग-अलग होती है। परंतु, जब ओएमसी कंपनियाँ बायो-डीजल की खरीद के लिए टेंडर निकालती है, तो उसमें सबसे कम दर वाली ग्रेड की कीमत रखती है।? (व्यवधान) इससे बायो-डीजल के उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ता है।? (व्यवधान) बायो-डीजल के उत्पादन की गति धीमी हो रही है।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Kindly take your seats.

? (*Interruptions*)

श्री नारणभाई काछड़िया**:** मेरा आपके माध्यम से, पेट्रोलियम मंत्रालय से आग्रह है कि बायो-डीजल के ग्रेड्स के अनुसार टेंडर करके दाम तय किये जाएं ताकि बायो**-**डीजल के उत्पादकों को कोई नुकसान उठाना न पड़े।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Kindly take your seats.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** कृपया आप लोग अपना-अपना स्थान ग्रहण करें।

? (व्यवधान)

श्री नारणभाई काछड़िया **:** गैर-मिश्रित डीजल की बिक्री पर दो रुपए प्रति लीटर उत्पादन शुल्क पर दण्ड का प्रावधान है। परंतु, इसे लागू करने में मंत्रालय की ओर से विलम्ब किया जा रहा है। यदि इसी शुल्क को दण्ड के

रूप में लागू कर दिया जाए, तो ओएमसी कंपनियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी बायो-डीजल खरीदना आवश्यक हो जाएगा। इससे स्वदेशी ईंधन के रूप में बायो-डीजल को बढ़ावा मिलेगा और सरकार द्वारा वर्ष 2030 तक 5 परसेंट बायो-डीजल सम्मिश्रण करने का जो लक्ष्य रखा गया है, उसे भी पूर्ण किया जाएगा।

इसलिए मैं आपके माध्यम से, पेट्रोलियम मंत्रालय से कहना चाहता हूँ कि बायो-डीजल के लिए ग्रेड्स के हिसाब से उसका टेंडर निकाला जाए और उसको आगे बढ़ाया जाए।

श्री अधीर रंजन चौधरी **(**बहरामपुर**) :** सर, बालू जी को नैचुरल कलैमिटी पर बोलने का मौका दीजिए।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: We will give him chance later on.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति **:** सुश्री एस. जोतिमणि जी।